गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2017

फरवरी 14, 2017

1. लिस्टिंग विभाग
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुंबई-400 051

2. लिस्टिंग विभाग,
बांबे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड
फ्लोर 1, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,
दलाल स्ट्रीट,
मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया "**केरल के माननीय मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक गैस पाइपलाइन कार्य का जायजा लिया; गेल के सीएमडी ने उन्हें 91 किलोमीटर के खण्ड की संतोषजनक प्रगति से अवगत कराया और आज 105 किलोमीटर के अन्य खण्ड का कांट्रेक्ट अवार्ड किया गया**" से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

हस्ता.
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

<u>संलग्नक : उपरोक्तानुसार</u>

प्रति :

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

केरल के माननीय मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक गैस पाइपलाइन कार्य का जायजा लिया

गेल के सीएमडी ने उन्हें 91 किलोमीटर के खण्ड की संतोषजनक प्रगति से अवगत कराया

आज 105 किलोमीटर के अन्य खण्ड का कांट्रेक्ट अवार्ड किया गया

थिरुअनंतपुरम, फरवरी 14, 2017 : गेल (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री बी. सी. त्रिपाठी ने केरल के माननीय मुख्यमंत्री श्री पिनाराय विजयन से मुलाकात कर उन्हें 440 कि.मी. लम्बी कोच्चि-कूट्टानाड-मंगलूरु प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना की प्रगति से अवगत कराया । गेल अध्यक्ष ने अलग-अलग बैठकों में अपर मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से भी मुलाकात की । उन्होंने राज्य सरकार, प्रशासन, पुलिस और जनता के सहयोग से परियोजना में हुई प्रगति पर चर्चा की तथा उनके सक्रिय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया जिसके फलस्वरूप जमीनी स्तर पर परिणाम प्राप्त होने शुरू हो गए हैं ।

गेल के सीएमडी ने 91 कि.मी. कोच्चि-कूट्टानाड खण्ड में पाइपलाइन डालने और राज्य में पंचनामा की संतोषप्रद गतिविधियों के बारे में भी बताया तथा कहा कि पिछले छः- सात माह में हुई पर्याप्त प्रगति राज्य सरकार के सक्रिय सहयोग से ही संभव हुई है । इस प्रगति को आगे जे जाते हुए गेल ने आज पेरोल - कूडलमगुरु-खंड की अन्य 105 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाने के लिए संविदा प्रदान कर दी है । इसके फलस्वरूप परियोजना दोनों ही छोर यानि कोच्चि और मंगलुरु की ओर से एक साथ प्रारंभ हो जाएगी जिससे परियोजना शीघ्रता से पूरी हो सकेगी ।

श्री त्रिपाठी ने बताया कि 91 कि.मी. लंबे कोच्चि-कूट्टानाड खंड का कार्य सितंबर, 2016 में प्रदान किया गया था और सभी स्टेकधारक इससे संतुष्ट हैं । उन्होंने कहा कि यह पाइपलाइन आने वाले कई दशकों तक “हरित ऊर्जा कॉरिडोर” के रूप में काम करेगी तथा शहर गैस वितरण कंपनियों तथा भावी गैस आधारित कंपनियों को राज्य में आने का अवसर देगी, जिसके फलस्वरूप पर्यावरण हितैषी पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) और संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की घरों और और वाहनों को आपूर्ति की जा सकेगी ।

गेल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार कोच्चि-कूट्टानाड-मंगलुरु पाइपलाइन को दिसंबर, 2018 तक पूरा करना चाहता है । यह रोजगार जनन एवं विभिन्न सामाजिक आर्थिक हितलाभों से ब्रढ़ावा देगी ।